भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न संख्या : 7
सोमवार, 21 जुलाई, 2025 (30 आषाढ़, 1947 (शक)) को दिया जाने वाला उत्तर

विमानन विनियामक और सुरक्षा निकायों में रिक्तियां

7. श्री मल्लिकार्जुन खरगे:

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:
(क) नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए), नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) और भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) सहित प्रमुख विमानन विनियामक और सुरक्षा निकायों में विभाग-वार कुल रिक्तियों का ब्यौरा क्या है;
(ख) विगत पांच वर्षों के दौरान उक्त निकायों में भरी गई कुल रिक्तियों का ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या सरकार ने उक्त विनियामक और सुरक्षा निकायों की कार्यप्रणाली पर इन रिक्तियों के प्रभाव का आकलन किया है;
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क): आज की तारीख के अनुसार रिक्तियों की स्थिति इस प्रकार है:

संगठन का नाम	रिक्तियां
नागर विमानन महानिदेशालय	823#
नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो	230@
भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण	3238*

यह उल्लेख करना प्रासंगिक होगा कि पिछले कुछ वर्षों में कुछ पदों का सृजन किया गया है, जिसका ब्यौरा नीचे दिया गया है:
#(वर्ष 2022 और 2024 के बीच 441 पद सृजित किए गए जिनमें 426 तकनीकी पद शामिल हैं)
@(वर्ष 2024 में बीसीएएस के पुनर्गठन में 84 प्रचालन संबंधी पद सृजित किए गए हैं)
*(हाल ही में एटीसीओ के 840 पद सृजित किए गए हैं)

(ख): पिछले पाँच वर्षों में भरी गई कुल रिक्तियों का विवरण अनुलग्नक में संलग्न है।
(ग) से (ङ): नागर विमानन के वर्तमान और भविष्य के विस्तार और प्रभावी पर्यवेक्षण को ध्यान में रखते हुए, डीजीसीए, बीसीएएस और एएआई में अतिरिक्त पदों का सृजन किया गया है। पदों की कमी से इन संगठनों का कामकाज प्रभावित नहीं हुआ है। इसके अलावा, आवश्यक जनशक्ति की समय पर और निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए भर्ती की सभी विधियों का सख्ती से पालन किया जाता है। विज्ञापनों पर अपर्याप्त प्रतिक्रिया, चयनित उम्मीदवारों का कार्यभार ग्रहण न करना, पदोन्नति के लिए फीडर कैडर में अपर्याप्त सेवा वाले व्यक्ति, प्रतिनियुक्ति पदों पर अपर्याप्त प्रतिक्रिया जैसे कारणों से उत्पन्न रिक्तियों से आए

अन्तराल में अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए, अल्पकालिक संविदात्मक भर्ती के माध्यम से व्यक्तियों की भर्ती करने का प्रयास किया जाता है।

<u>अनुलग्नक</u>

वर्ष	नागर विमानन महानिदेशालय	नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो (प्रतिनियुक्ति आधार पर भरे गए पद)	भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
2025	14	05	864
2024	103	139	708
2023	26	63	923
2022	29	92	1421
2021	77	52	23

******